हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 जनवरी 2026
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

6 2025 का आख़िरी सूर्यास्तः यादों और उम्मीदों का संगम



6 मनरेगा से गांधी नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस का धरना









**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी विवेक दिल्ली बैठक में होंगे शामिल



**राजिम।** राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी कर्मचारी संगठन विवेक शर्मा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक में शामिल होंगे। पुरानी पेंशन की बहाली एवं कर्मचारी हित में विभिन्न मांगों के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य विशिष्टजनों से उनके मिलने का कार्यक्रम 4 एवं 5 जनवरी को प्रस्तावित है।

### बेंद्री में आज मड़ई-मेला

**अभनपुर।** ग्राम विकास मड़ाई मेला समिति बेन्द्री के तत्वावधान मे 1 जनवरी को मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। उत्सव मे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, जिपं.सदस्य, जनपपद सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगे। रात्रिकालिन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम कारी बदरिया मोखा गुरूर टीम द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

### 22 दिनों के भीतर 90 लाख से अधिक का धान किया गया जब्त

# ओडिशा की सीमाओं पर हो रही धान तस्करी पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

समर्थन मूल्य में ओडिसा का धान खपाना इस बार आसान नहीं हो रहा है पुलिस और राजस्व अमला लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई करते नजर आ रहे हैं. मंगलवार रात ओडिसा के तीन सीमाओं में अलग अलग टीम ने 6 वाहनों में 1470 बोरी धान जप्त कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. आधी रात निकली टीम ने यह कार्रवाई 12 घंटे के भीतर अंजाम दिया है. जप्त धान की कीमत 20 लाख से ज्यादा आंकी गई है. जिसे मंडी अधिनियम के तहत जप्त कर लिया गया है।

■ **अवैध परिवहन हो रहा धान पकड़ाया, 3 ट्रक समेत 6 वाहन जब्त**

अवैध धान परिवहन के खिलाफ प्रशासन को बड़ी सफलता हाथ लगी है मैनपुर अनुविभागीय अधिकारी डॉ तुलसीदास मरकाम के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने उड़ीसा से अवैध रूप से धान छत्तीसगढ़ में खपाने की एक और साजिश को नाकाम कर दिया। जानकारी मिली कि उडीसा रायघर से शोभा होते हुए राष्ट्रीय राज्य मार्ग 130 सी पर देवभोग क्षेत्र में अवैध धान भर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा है। सूचना तस्दीक पर एसडीएम मरकाम रवाना हो कर घटना स्थल से अवैध धान भरा हुआ दो ट्रक क्रमषः ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 8761 में 405 कट्टा शोभा एरिया से व ट्रक क्रमांक सीजी 04 जे 3919 में 405 कट्टा धान कुल 810 कट्टा एक लाख चौवालीस हजार रूपए का अवैध धान बिक्री हेतु परिवहन करते मदांगमुड़ा ध्रुवागुड़ी के समीप पाया गया। उक्त अवैध धान को समक्ष गवाहन के जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर थाना इंदागांव और देवभोग थाना की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। अनुविभागीय अधिकारी डॉ तुलसीदास मरकाम ने कहा कि जिले में अवैध धन परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त निगरानी रखी जा रही है, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एवं अवैध धान बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।



**22 दिन में 2911.5 क्विंटल धान जब्त :** पुलिस एवं राजस्व विभाग द्वारा दीगर राज्य वाले अवैध धान परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध विगत एक माह, 22 दिवस में 2911.5 क्विंटल कीमती 90 लाख 25 हजार 650 रूपये का अवैध धान जप्त किया जा चुका है। आज 31 दिसम्बर को फिर एक बार थाना देवभोग, थाना अमलीपदर एवं थाना इंदागांव के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते 06 पृथक–पृथक कार्यवाही करते हुए 06 प्रकरणों में कुल 1515 कट्टा (606 क्विंटल ) कीमती 18 लाख 78 हजार 600 सौ रूपये का अवैध धान को जप्त किया गया । गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम हेतु बार्डर के चेक पोस्ट में तैनात बल द्वारा गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष दिशा–निर्देश जारी किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्यों पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों को निर्धारित धान खरीदी केंद्रों में किये जाने हेतु प्रावधान है। चेक पोस्ट के माध्यम से तैनात पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। दिनांक 31.12.2025 को मुखबीर से थाना देवभोग को सूचना मिला की तीन वाहनों में उडीसा की ओर से थाना देवभोग क्षेत्र में अवैध धान भर बिक्री करने के लिए परिवहन कर रहा है। सूचना तस्दीक पर पुलिस टीम अलग–अलग घटना स्थल रवाना हो कर घटना स्थल से अवैध धान भरा हुआ ट्रक क्रमांक सीजी.08–एल–3919 में 400 कट्टा एवं 407 मेटाडोर बिना नम्बर प्लेट में 100 कट्टा व ट्रैक्टर क्रमांक सीजी–23–एच–0697 में 60 कट्टा इस प्रकार कुल 560 कट्टा (224 क्विंटल ) अवैध धान जप्त। इसी प्रकार थाना इंदागांव को मुखबीर से सूचना मिला की दो ट्रक उडिसा की ओर से थाना इंदागांव क्षेत्र में अवैध रूप से धान परिवहन एवं बिक्री कर रहा है। सूचना तस्दीक पर थाना से दो अलग–अलग पुलिस टीम भेज कर घटना स्थल से ट्रक क्रमांक सीजी–04–जे–8761 में 405 कट्टा व ट्रक क्रमांक सीजी 07–एयू–2668 में 500 कट्टा कुल 905 कट्टा (362 क्विंटल ) अवैध धान को जप्त किया गया। इसी क्रम मे थाना अमलीपदर को मुखबीर से सूचना मिला की उडिसा की ओर से एक बोलेरो पीकअप में अवैध रूप से धान परिवहन कर बिक्री करने के लिए थाना इंदागांव क्षेत्र में जा रहा है। सूचना तस्दीक पर थाना अमलीपदर से स्टाफ रवाना कर घटना स्थल से एक बोलेरो पीकअप वाहन क्रमांक सीजी 11–ए–3978 में 50 कट्टा अवैध से भर कर कर बिक्री हेतु परिवहन करते पाया गया।

#### 22 दिवस से लगातार विशेष अभियान जारी

इसी प्रकार विगत एक माह, 22 दिवस से लगातार विशेष अभियान चलाकर थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं बिक्री करते अलग–अलग कुल 56 प्रकरणों में 6778 कट्टा 2911.5 क्विंटल अवैध परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। धान के परिवहन एवं बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात मांगने पर किसी भी प्रकार का कागजात पेश नही करने पर अवैध धान परिवहन के संबंध में कार्यवाही कर संबंधित विभाग को सुपुर्द किया गया।



#### सेफ जोन मान कर रायगढ़ से दो ट्रक धान पार करने की हुई थी कोशिश

नवरंगपुर जिले का रायगढ़ ब्लॉक से शोभा गोना के रास्ते धान निकालना सबसे सुरक्षित माना जाता था. लेकिन इसकी इनपुट गरियाबंद पुलिस को मिलते ही अमलीपदर थाना प्रभारी को एलर्ट किया. जिसके बाद संयुक्त टीम ने दो ट्रक में भरे 810 पेकेट धान को जप्त कर तस्करों का रूट मैप बिगाड़ दिया. जप्त दोनों ट्रक को इंदागांव पुलिस के हवाले किया गया है. इसी तरह बीती रात सोल्ड मेटाडोर मण्डी,फूड और सहकारिता टीम के हत्थे चढ़ गई. भारी आमदनी को देखते हुए अवैध धान की सप्लाई के लिए नए वाहन की खरीदी करना सप्लायरों को भारी पड़ गया. बीती रात मगर रोड़ा चेक पोस्ट से पार करके धोराकोट तक पहुंचा था और रास्ते पकड़ा गया।

## तेंदुए को जाल में फंसाने का मामला, दो आरोपी जेल दाखिल

**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद वन परिक्षेत्र तौरेगा बफर के अंतर्गत परिसर कोकड़ी के राजस्व क्षेत्र में 25 दिसम्बर को वन्य प्राणी नर तेंदुआ जाल फंदा मे फंसा हुआ घायल अवस्था में मिला था। मामले में वन अपराध दर्ज कर आरोपी व्यक्तियों की पता साजी की गइ। मामले में 31 दिसम्बर को आरोपी सोना सिंह मंडावी पिता अयतु राम मंडावी जाति गोड उम्र 34 वर्ष, अयतु राम पिता बुधराम मांडवी जाति गोड उम्र 65 वर्ष ग्राम नगबेल टांगरापानी थाना शोभा तहसील मैनपुर जिला गरियाबंद को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय गरियाबंद के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



## जिला प्रशासन की पहल पर 5 बंधक श्रमिक व 7 बच्चे मुक्त

**गरियाबंद।** ज़लि के देवभोग क्षेत्र से 10 से 12 बंधक श्रमिकों तथा उनके बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर मुक्त कराया गया। श्रमिकों को तेलंगाना राज्य के खम्मम ज़लि के एक ईंट भट्ठे में बंधक बनाकर रखा गया था।

■ **देवभोग क्षेत्र से बंधक श्रमिक व बच्चे मुक्त, जिला प्रशासन की कार्रवाई**

कलेक्टर बीएस उइके के नेतृत्व में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में गठित दल में पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग तथा राज्य विभाग के अधिकारी शामिल रहे। दल द्वारा 28 दिसंबर को मौके पर पहुँचकर श्रमिकों को सुरक्षित रूप से मुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए परिवारों के 7 बच्चों को भी जिला मुख्यालय वापस लाया गया।



जिला बाल संरक्षण समिति द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा उन्हें अस्थायी आवास एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। बच्चों व अभिभावकों की काउंसलिंग भी की गई। कार्रवाई में श्रम विभाग के अधिकारी, पुलिस टीम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल द्विवेदी ने श्रमिकों एवं बच्चों की सुरक्षित वापसी की पुष्टि करते हुए कहा ▶▶| शेष पेज 4 पर

## समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी की मांग को लेकर 6 जनवरी को नेशनल हाइवे पर चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापड़ाव गौरगांव, बोईरगांव, ठेमली, पथर्री, नागेश क्षेत्र के सैकड़ो किसानो ने आज बुधवार को मैनपुर में रैली निकाल नारेबाजी करते हुए सीधा एसडीएम कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार मैनपुर को ज्ञापन सौपकर आगामी 06 जनवरी को नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में झरियाबाहरा में सुबह 8 बजे से अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है साथ ही ज्ञापन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम दिया गया है और इसकी प्रतिलिपि कृशिमंत्री रामविचार नेताम, प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, मुख्य सचिव विकासशील गरियाबंद जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीएम मैनपुर के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया है।

■ **किसानों ने रैली निकाल सौंपा ज्ञापन**

■ **वन अधिकार पट्टा प्राप्त किसानों का टोकन नहीं कटने से धान नहीं बेच पा रहे किसान**

ज्ञापन में किसानो ने बताया आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत हजारो किसानो ने 12 हजार से ज्यादा हेक्टेयर में मक्का का फसल लिया है लेकिन आज तक समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी प्रारंभ नही होने के कारण किसान अपने खुन पसीने की गाड़ी कमाई को बिचौलियो के पास औने पौने दामो में बेचने मजबुर हो रहे है। तत्काल मक्का खरीदी प्रारंभ किया जाये इस दौरान किसानो ने एक और मांग रखी है मैनपुर क्षेत्र में शासन द्वारा काबिज के आधार पर कृशको को वन अधिकार पट्टा दिया गया है उक्त भूमि में किसानो द्वारा धान, मक्का की फसल ले रहे है और राजस्व विभाग पटवारी द्वारा भौतिक सत्यापन गिरदावरी किया जा चुका है लेकिन समिति पोर्टल में भौतिक सत्यापन व गिरदावरी लंबित बताने के कारण टोकन नही कट पा रहा है जिससे लगभग एक हजार किसान धान नही बेच पा रहे है। उक्त समस्याओ से कई बार किसानो ने स्थानीय अधिकारी और शासन प्रशासन को अवगत करा चुके है लेकिन अब तक समस्याओ का समाधान नही हुआ है। किसानो ने ज्ञापन सौपकर कहा है कि आगामी 06 जनवरी को मक्का खरीदी एवं वन अधिकार पट्टा प्राप्त किसानो की धान खरीदी की मांग को लेकर नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में झरियाबाहरा में चक्काजाम किया जायेगा। मैनपुर क्षेत्र में किसान ▶▶| शेष पेज 4 पर

### विधायक जनक ध्रुव ने दिया समर्थन, दस हजार रुपये की सहयोग राशि भेंट

# हड़ताल के अंतिम दिन अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन का शक्ति प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले तीन दिनों से गांधी मैदान में आंदोलनरत अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल बुधवार को शक्ति प्रदर्शन, विशाल रैली और ज्ञापन सौंपने के साथ संपन्न हुई। हड़ताल के अंतिम दिन जिलेभर के अधिकारी-कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए शहर की सड़कों पर रैली निकाली और मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

■ **विशाल रैली निकालकर सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन**

गांधी मैदान स्थित धरना स्थल पर सुबह से ही कर्मचारियों की भीड़ जुटने लगी थी। दोपहर तक यह विशाल जनसमूह में तब्दील हो गया। "हमारी मांगें पूरी करो" और कर्मचारी एकता जिंदाबाद जैसे नारों के साथ कर्मचारियों ने गांधी मैदान से शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया।





**धरना स्थल पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव :** हड़ताल के समर्थन में विधायक जनक ध्रुव धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन को अपना समर्थन देते हुए संगठन को दस हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और सरकार को इन्हें गंभीरता से लेकर शीघ्र पूरा करना चाहिए। धरना को संबोधित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी लंबित मांगों को उठा रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह हड़ताल का समापन है, लेकिन आंदोलन का अंत नहीं।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिला संयोजक एम आर खान, संरक्षक प्रदीप साहू, महासचिव बसंत त्रिवेदी सहित बसंत मिश्रा, मनोज खरे, सुदामा ठाकुर, सुनील यादव, मिश्री तारक, धर्मेंद्र ठाकुर, भगवान चंद्राकर, गुलशन यदु, पुरंदर वर्मा, ▶▶| शेष पेज 4 पर

#### प्रतिनिधिमंडल ने सीएम व मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

फेडरेशन की प्रमुख मांगों में लंबित महंगाई भत्ता का भुगतान, वेतन विसंगति को दूर करना, एरियर्स राशि का भुगतान, गृह भाड़ा भत्ता में वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति तथा अन्य सेवा लाभ शामिल हैं। रैली के समापन पर फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ग्यारह सूत्रीय मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं उग्र आंदोलन किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है, अब फैसला सरकार के हाथ में है। मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में कामकाज पूरी तरह ठप करने से भी कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे।

**खबर संक्षेप**

### अछोला में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

**महासमुंद**। ग्राम अछोला में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार साहू ने नशे के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प। बाबा घासीदास की जयंती के अवसर पर नशे से दूर रहें, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें। बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया।

### नपाध्यक्ष ने किया राशन दुकान का निरीक्षण

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने वार्ड क्रमांक 17 स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही राशन वितरण व्यवस्था, स्टॉक की उपलब्धता, पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन वितरण तथा दुकान की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। पालिका अध्यक्ष ने पात्र हितग्राहियों का तत्काल केवायसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई पात्र हितग्राहियों के कार्ड में जुड़े सदस्यों का नाम कटने तथा केवायसी के अभाव में राशन कम मिलने की शिकायतें मिल रही है। ऐसे में राशन दुकान में बुलाकर उनकी केवायसी तत्काल करें।

## मैनपुर के घने जंगल में पुलिस बल को मिली बड़ी सफलता, खुंखार नेता जयराम चलपति एवं बालकृष्ण भास्कर को मार गिराया

# 2025 में गरियाबंद में नक्सलवाद को बड़ा झटका, हार्डकोर नक्सली नेता के साथ 31 नक्सलियों को किया ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

वर्ष 2025 पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नक्सलवाद की सफाया करने में बड़ी कामयाबी जहा मिली है वही गरियाबंद जिले में भी नक्सलवाद को बड़ा झटका लगा है एक साल के भीतर 2025 में मैनपुर क्षेत्र के जंगल में पुलिस और नक्सलियो के बीच मुठभेड़ में दो बड़े खुंखार नक्सली नेता चलपति जयराम रेड्डी एवं मनोज मोडेम उर्फ बालकृष्णन उर्फ भास्कर सहित 31 नक्सलियो को ढेर किया गया।

यह बड़ी सफलता गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र से मिली है तो वही 20 नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा जुड़ने के लिए पुलिस के सामने सरेंडर किये है। इस दौरान पुलिस को वर्षमें लगभग 62 लाख रूपये की बड़ी राशि के साथ हथियारो का जखीर बरामद हुई है। जनवरी 2025 के लगते ही कुल्हाड़ीघाट ओड़िशा सीमा पहाड़ी के ऊपर 75 घंटे चले आपरेशन में सीआरपीएफ, कोबरा, एसटीएफ ई 30 जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम ने खुंखार नक्सली नेता जयराम चलपति जैसे बडे कैडर के नक्सली नेता और आतंक का पर्याय बन चुके डिविजन चीप सत्यम गावड़े जैसे खुंखार नक्सलियो सहित 16 नक्सलियो को मार गिराया यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता थी। जयराम चलपति खुंखार नक्सली पूरे देश में जाना जाता था और नक्सलियो के पूरे संगठन में चलपति को मास्टर ट्रेनर के रूप में जाना जाता था। इस नक्सली को पुलिस बल ने मार गिराया। चलपति का असली नाम जयराम रेड्डी बताया जाता है उसे संगठन में रामचंद रेड्डी अप्पाराव या रामू के नाम से भी जाना जाता था हमेशा अपने साथ 10 से 12 बाडीगार्ड लेकर घुमता था और नक्सली हमलो की प्लानिंग बनाने में उन्हे महारत हासिल थी कब और कहा अटैक करना है यह चलपति तय करता था। पुलिस सूत्रे के अनुसार चलपति आंध्रप्रदेश और ओडिशा डिविजन की कमार संभाल रहा था तथा पूर्व दक्षिण जोन का कार्य भी देख रहा था।

वही दूसरी ओर सितम्बर की पहली सप्ताह में ही मैनपुर कुल्हाड़ीघाट जंगल में मुठभेड़ के दौरान कुख्यात नक्सली कमांडर मनोज उर्फ माडेम बालकृष्ण उर्फ भास्कर और मंडल कमेटी सदस्य प्रमोद उर्फ पांड भी मारा गया। इस मुठभेड़ में 10 नक्सलियो को पुलिस ने ढेर किया इन मारे गये 10 नक्सलियो में 5.22 करोड़ रूपये का इनाम रखा गया था और इसे भी एक बड़ी सफलता मानी जाती है। मैनपुर कुल्हाड़ीघाट मटाल पहाड़ी के ऊपर यह मुठभेड़ ढाई दिनो तक चला था। पिछले एक साल के भीतर गरियाबंद जिले में 31 नक्सली ढेर किये गये और एक बड़ी सफलता मिली सुरक्षा बल के जवानो के द्वारा अदम साहस वीरता और धैर्य का परिचय देते हुए गरियाबंद जिले में नक्सलवाद की जड़े हिला दिये।

**नक्सली हथियार छोड़ मुख्यधारा से जुड़े :** गरियाबंद जिले में सरकार के पुनर्वास नीति के चलते लगभग 20 नक्सलियो ने आतंक का रास्ता छोड़कर पुलिस के सामने सरेंडर भी किया और बकायदा उन्हे पुलिस द्वारा मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है लाभ दिया जा रहा है। पुलिस के आत्मसमर्पण अभियान पर विश्वास कर कई नक्सलियो ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ रहे है जो एक बेहतर संकेत है इन नक्सलियो के नाम लाखो रूपये का इनाम भी घोशित था जिसे एक बड़ी कामयाबी के रूप में देखी जा रही है। सरेंडर करने वाले में प्रमुख रूप से सुनील जो कई सालो से इस इलाके में सक्रिय था वह भी सरेंडर किया है।

**गरियाबंद के नये पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर से भी क्षेत्र की जनता को उम्मीद :** गरियाबंद जिले में 23 दिसम्बर को भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी देवव्रत सिरमौर नये पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण करते ही मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट और ओड़ आमामोरा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहले ही दौरा कर जनता और ग्रामीणों मे उम्मीद जगाने का काम किया है। देवव्रत ने गरियाबंद की कमान संभालते ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रे का दौरा कर जहां ग्रामीणों की समस्याओ को नजदीक से जाना तो वही जिले के लोगो को नये पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर से काफी उम्मीद बंधी है।

### पुलिस बल ने लगातार कार्यवाही कर नक्सलियो के मंसुबो पर पानी फेरा

मैनपुर गरियाबंद क्षेत्र के जंगल में जगह–जगह ग्रामीणों और पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियो द्वारा जमीन में छिपाकर लगाये गये टिपिन बम विस्पोटक सामाग्री एवं उनके हथियारो के जखीरा को पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए जहां एक ओर बरामद किया जा रहा है और यह कार्यवाही चल रही है नक्सलियो के खतरनाक मंसुबो पर पुलिस द्वारा लगातार पानी फेरा जा रहा है।


बारिश के बावजूद सुबह से पुलिस के जवान पूरे मुस्तैदी के साथ मोर्चे पर डटे नक्सलियो और सुरक्षा बलो के बीच मुठभेड़ जारी
मैनपुर जंगल में फोर्स को मिली बड़ी सफलता
एक करोड़ का ईनामी नक्सली मुठभेड़ मारा गया

### नक्सलियों से 62 लाख रूपये और हथियारो का बड़ा जाखिरा बरामद हुआ

गरियाबंद जिले में पुलिस को जहां 31 नक्सलियो को मार गिराने में सफलता मिली वही दूसरी ओर पुलिस सूत्रे से मिली जानकारी के अनुसार 62 लाख रूपये के साथ नक्सलियो से बड़े पैमाने पर हथियार, बारूद बरामद किये गये।







# साल 2025 के अंतिम दिवस बुधवार को ऐतिहासिक सामूहिक विवाह का आयोजन



### श्री सालासर सुंदरकांड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति ने 11 गरीब परिवारों की बेटियों का कराया विवाह

**नवापारा-राजिम**। साल 2025 के अंतिम पुण्यदायी दिन बुधवार को नगर में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब श्री सालासर सुंदरकांड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के तत्वावधान में 11 गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जब 22 सजावट की गई बैलगाड़ियो में दूल्हों एवं दुल्हन की बारात गाजे-बाजे,धूम-धड़ाके के साथ नगर भ्रमण पर निकली, तो पूरा नगर श्रद्धा, उत्साह और उल्लास से सराबोर हो उठा।

बारात के स्वागत और दर्शन के लिए नगर की लगभग सभी प्रमुख सड़कों पर नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने घरों, दुकानों और छतों से इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। यह दृश्य नगर के सामाजिक इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने योग्य रहा। समाजसेवा की मिसाल बनी श्री सालासर सुंदरकांड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा वर्षों से किए जा रहे सेवा कार्यों की श्रृंखला में यह आयोजन एक अनुकरणीय उदाहरण बनकर सामने आया। समिति ने न केवल विवाह की समस्त व्यवस्थाएँ की, बल्कि कन्याओं को आवश्यक गृहस्थी सामग्री, वस्त्र एवं सहयोग प्रदान कर उनके नए जीवन की मजबूत नींव रखी।

#### नगरवासियों ने की भूरी-भूरी प्रशंसा

नगरवासियों ने इस पुनीत कार्य के लिए समिति की खुले दिल से सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। लोगों का कहना था कि ऐसे आयोजन न केवल गरीब परिवारों का सहारा बनते हैं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, सदभाव और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। यह आयोजन निश्चय ही नवापारा-राजिम नगर के इतिहास में एक यादगार एवं ऐतिहासिक दिन के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। बता दें कि सामूहिक विवाह के इस कार्यक्रम में भव्य मंडप, सुसज्जित मंच और अनुशासित व्यवस्थाएँ देखते ही बन रही थीं। श्रीराधाकृष्ण मंदिर परिसर में बनाए गए विशाल पंडाल को आकर्षक सजावट, पुष्पमालाओं और धार्मिक प्रतीकों से अलंकृत किया गया था, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक और उत्सवमय बन गया। मंडप के चारों ओर उमड़ी जनसमूह की उपस्थिति स्वयं इस बात की साक्षी थी कि नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर अपार उत्साह और जिज्ञासा बनी हुई थी। मंडप के भीतर दूल्हा-दुल्हन पक्ष के घराती और बराती-दोनों ही पक्षों के चेहरों पर संतोष, गर्व और आनंद की स्पष्ट झलक दिखाई दे रही थी। आंखों में खुशी और मुस्कान यह बयां कर रही थी कि उन्होंने ऐसा सुव्यवस्थित, भव्य और गरिमामय सामूहिक विवाह देखा है। कई परिवार भावुक होकर इस पल को कैमरों में कैद करते नजर आए। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भजन-कीर्तन के बीच जब विवाह संस्कार संपन्न हो रहे थे, तब पूरा पंडाल श्रद्धा और उल्लास से गूंज उठा। घराती-बराती एक-दूसरे को बधाइयाँ देते हुए नजर आए, मानो सभी परिवार एक सूत्र में बंध गए हों। यह दृश्य केवल विवाह का नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और मानवीय संवेदना का जीवंत उदाहरण था, जिसने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के मन को छू लिया इस महान पुनीत कार्य के लिए श्री सालासार सुंदरकांड जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा,अध्यक्ष धरम साहू,विवाह संयोजक रूपेंद्र चंद्राकर,ब्रम्हानंद साहू सहित इनके पूरे टीम को शहरवासियो एवं वर-वधुओं के परिजनो ने हृदय से धन्यवाद देते हुए आभार जताया।





#### धार्मिक वातावरण में हुआ संपन्न

आयोजन के दौरान पूरे विवाह ,धार्मिक अनुष्ठान, मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडितों द्वारा वैदिक रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराया गया। समिति के सदस्यों, नगर के गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

#### गिफ्ट में दिए गए ये सामग्री, जिसे देखते रह गए सब

भाँवर की साड़ी, चुनरी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल,चांदी की बिछिया,नेकलेश हार,सिलाई मशीन,कूलर,आलमारी, बेड, सोफा, टी टेबल, मिक्सी, कुकर,वर वधु को हाथ घड़ी, दीवाल घड़ी,श्रृंगार समान,आयरन,बर्तन सेट,टिफिन,जग,स्टील पानी बोतल और प्रत्येक दुल्हन को 7 साड़ी, फोटो फ्रेम,सीताराम विवाह की तस्वीर, गद्दा सेट,बेडसीट कम्प्लीट।

# सड़क निर्माण के लिए तालाब से निकाल रहे मुरुम, शिकायत

- निस्तारी तालाब से 10 हजार घन मीटर की अनुमति, अब तक 50 हजार से अधिक निकासी
- महासमुंद–तुमगांव सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय से तुमगांव मार्ग सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार कंपनी मेसर्स जेडी कंस्ट्रक्शन द्वारा ग्राम कौंदकेरा के सार्वजनिक तालाब से अवैध रूप से मुरुम की निकासी की शिकायत किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से की। श्री साहू ने आरोप लगाया कि यह सब भाजपा शासन की किसान विरोधी नीतियों का नतीजा है। जहां ठेकेदारों को खुली छूट दी जा रही है और सार्वजनिक संसाधनों का दोहन हो रहा है।

शिकायत में खुलासा किया गया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सौंपे गए इस प्रोजेक्ट के लिए कौंदकेरा तालाब से सिर्फ 10 हजार इससे तालाब की गहराई बढ़ गई। जल संग्रहण क्षमता बिगड़ गई और किसानों की सिंचाई, पेयजल तथा पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था संकट में पड़ गई। श्री साहू ने कहा भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ लघु खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य को लाखों रूपए की राजस्व हानि हो रही है। लेकिन, सरकार आंखे मूंदे बैठी है। इसके अलावा, सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किए जाने के आरोप भी लगे हैं। उपयोग की जा रही सामग्री निम्न स्तर की है। सड़क की मोटाई-चौड़ाई मानमों से कम है। और कार्य की गति धीमी है। सुरक्षा उपाय जैसे साइन बोर्ड और बेरिकेडिंग तक नहीं लगाए गए।

किसान कांग्रेस ने कलेक्टर से मांग की है कि महासमुंद से तुमगांव बनने वाली सड़क पीडब्ल्यूडी राजस्व और खनिज विभाग की मिली भगत की जा जांच की जाए। साथ ही ठेकेदार पर जुर्माना, रॉयल्टी चोरी का मामला दर्ज किया जाए। तालाब की मरम्मत और पूरे प्रोजेक्ट की थर्ड पार्टी जांच की मांग की है। श्री साहू ने चेतावनी दी, यदि भाजपा सरकार ने किसानों के हितों की अनदेखी की तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और बड़े आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

### नगर में भव्य दीपोत्सव का हुआ अयोजन, 24 हजार दीपों से जगमगाया शहर



**महासमुंद**। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि में राम की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर बुधवार को नगर में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व हिंदू समाज एवं शहरवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में त्रिमूर्ति कॉलोनी से लेकर खैरा चौक तक के डिवाइडर और ओवरब्रिज के दोनों किनारों को 24 हजार दीपों से रोशन किया गया। शाम 5 बजे शुरू हुए इस प्रज्ज्वलन कार्यक्रम ने पूरे शहर को दीपावली जैसा स्वरूप दे दिया। इस भव्य दीपोत्सव के पश्चात शाम को कचहरी चौक स्थित हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर धर्मलाभ उठाया।

# नववर्ष 2026 का शंखनाद, भक्तिमय रहेगा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में नववर्ष 2026 के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से की गई है। जिले में उत्साह और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलने वाला है। लोग नए साल की शुरुआत पर्यटन केंद्रों के साथ देवालयों में दर्शन करना भी पसंद कर रहे हैं। जिले के प्रमुख शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं का सैलाब पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ने की संभावना है।



बागबाहरा स्थित घुंचापाली चंडी माता मंदिर मे इस बार नववर्ष के जश्न का केंद्र होगा। मंदिर ट्रस्ट के आंकड़ों के अनुसार, 31 दिसंबर और 1 जनवरी को हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। यहां न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा और महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचते हैं। ट्रस्ट ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए दर्शन के समय में भी बदलाव किया है। सामान्य दिनों में मंदिर रात 9 बजे मंगल कर दिया जाता है, लेकिन नववर्ष के अवसर पर दर्शन के लिए पट रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

# प्राचार्य दानी मैम के नेतृत्व में हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय में हड़ताल के बावजूद शैक्षणिक गतिविधियाँ निर्बाध जारी

**नवापारा-राजिम**। पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में अधिकांश शिक्षकों के हड़ताल पर चले जाने के बावजूद विद्यालय का संचालन पूरी तरह सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। विषम परिस्थितियों में भी विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारु बनाए रखना प्राचार्य फाखरा खानम दानी के सशक्त नेतृत्व, दूरदर्शिता एवं कुशल प्रशासनिक क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्राचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई, मूल्यांकन एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसी उद्देश्य से विद्यालय में नियमित रूप से विविध शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालय परिसर में एक घंटे का योग सत्र आयोजित किया गया। इस योग कक्षा का संचालन योगा शिक्षिका रश्मि साहू द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली, एकाग्रता, आत्मसंयम एवं तनाव प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योग सत्र में भाग लिया। योग सत्र के पश्चात विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए अंजनेय यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में एक विशेष कैरियर गाइडेंस एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ जयेंद्र नारंग डायरेक्टर अंजनेय युनिवर्सिटी मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसरों, आधुनिक करियर विकल्पों, नवाचार, कौशल विकास तथा प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर ऑफिसर विक्रम ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रिया, इंडस्ट्री की वर्तमान मांग, सॉफ्ट स्किल्स एवं रोजगार प्राप्त करने हेतु आवश्यक तैयारी के संबंध में उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।



#### सफलतापूर्वक संचालित की गई परीक्षा

इसके अतिरिक्त विद्यालय में कक्षा 9वीं से 10वीं तक के कुल 47 विद्यार्थियों के लिए आईसीटी लैब युक्त व्यवस्था के माध्यम से वर्तमान शैक्षणिक ज्ञान के आकलन हेतु 30 मिनट की वस्तुनिष्ठ प्रश्न आधारित ऑनलाइन परीक्षा अंग्रजी,हिंदी,गणित,सामजिक विज्ञान,विज्ञान तथा कम्प्यूटर विषय पर लिया गया। यह परीक्षा शिवशंकर चौहान एवं किशन सिंह ठाकुर द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की गई। ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की विषयगत समझ, तकनीकी दक्षता एवं सीखने के स्तर का मूल्यांकन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरी गंभीरता एवं अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लिया।

**पेज 3 के शेष**

### जिला प्रशासन की पहल...

कि पुनर्वास एवं सहायता संबंधी आवश्यक कार्यवाई जारी है।

इस दौरान रेस्क्यु दल में श्रम निरीक्षक मनीष बंजारे, डीसीपीयू महिला एवं बाल विकास गोपाल सिंह कंवर, श्रम कल्याण निरीक्षक पुणानंद साहू, राजस्व अधिकारी अजय देवांगन, प्रधान आरक्षक करम जांगड़े एवं विजय मिश्रा की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### हड़ताल के अंतिम दिन...

खिलेंद्र साहू, डी के पड़ौती, मुकेश साहू, संतोष साहू, जितेंद्र यादव, अनूप महाड़ीक, बसंत वर्मा, संजय महाड़िक, तोरण साहू, उमाशंकर साहू, प्रशांत साहू, सुरेखा तिवारी, पूनम सिन्हा, पुन्नी साहू, दीपयंती द्विवेदी, सपना मिश्रा, प्रशांत मेनपाल, जितेंद्र गजभिए, संजय मिश्रा, काजल शर्मा, विवेक टेमर, यशवंत सिन्हा, यशवंत साहू, चेतन सोनकर, सतीश साहू, धनंजय वर्मा, अनुज ठाकुर, संजू गुप्ता, रोहित तिवारी, बहादुर कश्यप, कृष्ण कुमार सोनी, मुरारी देवांगन, गणेश देवांगन, सालिक राम कंवर, लखन लाल साहू, सुनील मनोहर प्रधान सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### समर्थन मूल्य पर...

आक्रोशित हैं,एक बार फिर किसान संघर्ष समिति के बैनर तले नारेबाजी करते किसान तहसील दफ्तर पहुंच मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है,समर्थन मूल्य में मक्का की खरीदी नहीं करने और वन अधिकार पट्टा में धान की खरीदी नहीं शुरू करने पर 6 जनवरी से नेशनल हाइवे जाम करने की चेतावनी दिया है।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर प्रमुख रूप से किसान संघर्श समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, दैनिकराम मंडावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, सरपंच दीनाचंद मरकाम, चेतनसिंग, एलियाल बाघमार, बलिराम कोमर्रा, विरेन्द्र कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, सेवन पुजारी, जिड़ार के सरपंच मुकेश कपिल, भाठीगढ़ के पूर्व सरपंच जिलेन्द्र नेगी, बहुरसिंग, केशव ध्रुव, मिलेश कुमार, लछिन्दरसाय, दिनदयाल, भगत, टीकम मरकाम, विष्णु नेताम, बिजउराम, बि"ासर कुमार सोरी, पुनाराम नेताम, फरसुराम नेताम, तिलकराम मरकाम, अगनुराम, तेजाराम, वासुदेव ध्रुव एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। वही पुलिस बल भी बड़ी संख्या में तैनात थी।

# सिरकट्टी में 7 जनवरी को सीएम साय करेंगे नवनिर्मित श्रीरामजानकी मंदिर में धर्मध्वजा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

चतुर्भुज सिरकट्टी पावन धाम स्थित नव निर्मित भव्य श्रीरामजानकी मंदिर में 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ का भव्य आयोजन 6 से 12 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 7 जनवरी को दोपहर 12 बजे धर्मध्वजा स्थापना एवं कलश पूजन का पावन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवनिर्मित मंदिर में धर्मध्वज की स्थापना करेंगे।

कलेक्टर बीएस उईके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, पुलिस अधीक्षक वेद व्रत सिरमौर ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर, एसडीपीओ सुश्री निशा सिंहा जी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान पार्किंग व्यवस्था, हेलीपेड निर्माण स्थल निरीक्षण एवं चयन, मेले की तैयारी,सुरक्षात्मक दृष्टि से दुकानों का आबंटन, आगंतुकों के आवाजाही का नियंत्रण, भंडारा, गौशाला सहित मंचीय स्थल का जायजा लिया। यह मंदिर हजारों श्रद्धालुओं के दान दाताओं के फल स्वरूप 10 सालों में निर्मित हुई है जो कि अयोध्या के राम मंदिर के तर्ज पर बनाया गया है जिसमें लगभग 9 करोड़ रु की लागत से राजस्थान के कारीगर तैयार किए है।





## ये रहेंगे उपस्थित

इस धार्मिक अनुष्ठान में अनेक आमंत्रित संत-महापुरुषों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिनमें संत श्री 108 श्री रामगोपाल दास जी महाराज (देवरघटा, शिवरीनारायण), पूज्य संत श्री 108 श्री महंत सरजू शरण महाराज (राघवेन्द्र आश्रम, अयोध्या), पूज्य संत रामनारायण शरण महाराज (अयोध्या) तथा पूज्य संत उदयनाथ बाबा महाराज (कांडशर आश्रम, देवभोग) प्रमुख हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। वहीं आत्मीय अतिथि के रूप में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयोजनकर्ता एवं आश्रम के मुख्य पीठाधीश महामण्डलेश्वर संत गोवर्धन शरण व्यास, महंत सिरकट्टी आश्रम कुटेना एवं आश्रम परिवार हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस पावन अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ ले सकते है।

## खबर संक्षेप

### 2025 को विदाई देने और नए साल 2026 की तैयारी में जुटे लोग

**राजिम।** साल 2025 को बिदाई देने और नए साल का स्वागत करने जश्न मनाने लोग राजिम क्षेत्र के खास पर्यटन स्थल राजिम, लोमष ऋषि आश्रम एवं पूरे नदी क्षेत्र सहित चंपारण, जतमई, घटारानी व अन्य पर्यटन स्थलों में देर रात से भीड़ पहुंचने लगी है। लोग नए साल की तैयारी में जुट गए हैं। इसके पहले थर्टी फर्स्ट में इंज्वॉय के साथ 2025 को विदाई देने और 2026 के स्वागत करने नाचने, ठुमकने और शानदार पार्टी की तैयारियां लोग अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं।नए साल की पहली तारीख को पिकनिक मनाने वालों की भीड़ राजिम में आज देखने को मिलेगी। हर कोई अपने-अपने तरीके से कोई दोस्तों के साथ तो कोई परिवार के साथ नव वर्ष मनाने की बात कह रहे हैं। मंदिरों व पिकनिक स्पाट में ये भीड़ होगी।

**संत कवि पवन दीवान के 80वें :** जयंती पर होगी गुरु पादुका पूजन छत्तीसगढ़ की गांधी कहे जाने वाले संत कवि पवन दीवान की 80वां जयंती नगर के ब्रह्मचर्य आश्रम में मनाई जाएगी। ट्रस्ट ने बताया कि इस मौके पर बटुकेश्वर नाथ शिव जी में ब्रह्मचर्य आश्रम के बटूकों द्वारा पूजन अभिषेक किया जाएगा तथा गुरू पादुका पूजन किया जाएगा। उक्त अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम होगा और प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। आश्रम ट्रस्ट ने समस्त नगर वासियों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### श्रद्धांजलि

**कन्हैयालाल सर्वांकर**

**नवापारा-राजिम।** मानिकचौरी के कन्हैयालाल सर्वांकर उम्र 79 वर्ष के निधन पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी ग्रामवासी उनके परिवार के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि ऐसे पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उनके शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें ।

## तीनों ब्लॉकों में सड़क, भवन, पुल-पुलिया और पेयजल कार्यों को मंजूरी

# राजिम विधानसभा को 16 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू ने एक बार फिर विधानसभा क्षेत्र के तीनो ब्लॉक में विभिन्न विकास और निर्माण कार्यो के लिए 16 करोड़ रुपए स्वीकृत कराया है। इस राशि के स्वीकृत होने पर तीनो विकासखंड छुरा,गरियाबंद एवं फिंगेश्वर में प्रसन्नता की लहर है।

विधायक कार्यालय से उनके प्रतिनिधि विजय कड़रा एवं निज सचिव किशोर साहू ने बताया कि छुरा विकासखण्ड में सामुदायिक भवन गोस्वामी समाज बोड़राबांधा 6.50 लाख, सामुदायिक भवन शीतला के पास भैंसामुड़ा 6.50 लाख,रंगमंच बस स्टैंड के पास अकलवारा 4 लाख, रंगमंच पूर्व माध्यमिक विद्यालय कनेशर 3 लाख, रंगमंच दुर्गा चौक हरदी 3 लाख, सीसी रोड बोड़राबांधा 5.20 लाख, शेड निर्माण चुरकीदादार 10 लाख,सीसी रोड हरदी 2.60 लाख,शेड निर्माण सांकरा 10 लाख,सामुदायिक भवन शितला के पास जुनवानी 6 लाख, सामुदायिक भवन शितला के पास पंक्तिया 6.50 लाख, टिन शेड हनुमान चौक ओनवा 10 लाख,तटबंध निर्माण सुखरी नाला सोरिद 18 लाख,सीसी रोड मुरमुरा 2 लाख,चबूतरा निर्माण देवरी 5 लाख,रंगमंच निर्माण रजनकटा 3 लाख, पानी टेंकर सडकड़ा 4.45 लाख,पानी टेंकर कुरूद 4.45 लाख, पानी टेंकर अमेठी 4.45 लाख, पानी टेंकर अकलवारा 4.45 लाख, शेड निर्माण हरदी 10 लाख, सीसी रोड डांगनबाय 5.17 लाख, सामुदायिक भवन मोहतरा 10.33 लाख,सामुदायिक भवन अटल चौक सडकड़ा 10.33 लाख, सामुदायिक भवन दुकान पारा 10.33 लाख, रंगमंच दुकान पारा सडकड़ा 2.99 लाख, सीसी रोड मुख्तिधाम मार्ग देवरी 10.35 लाख, पुलिया निर्माण देवरी 7.73 लाख, सामुदायिक भवन पोड 10.33 लाख, सीसी रोड तालेसरा 10.35 लाख, सामुदायिक भवन आदिवासी कवर समाज पोड़ 10.33 लाख,टिनशेड निर्माण कोसमी 10 लाख,सामुदायिक भवन जलकीपानी 10.33 लाख, सामुदायिक भवन वार्ड 10 देवगांव 10.33 लाख, टीन शेड निर्माण बजरंग चौक रजनकटा 10 लाख,सामुदायिक भवन साहू समाज गाड़ाघाट 10.33 लाख,सामुदायिक भवन खोपलीपाठ 10.33 लाख,सामुदायिक भवन गौठान के पास कसहीबाहरा 10.33 लाख, सामुदायिक भवन सोरिद खुर्द 10.33 लाख, सामुदायिक भवन वार्ड 5 लोहझर 10.33 लाख,सामुदायिक भवन कुटेना 10.33 लाख,टिनशेड निर्माण राम मंदिर के पास खड़मा 10 लाख,सामुदायिक भवन पंचायत के पास खडमा 10.33 लाख, चीर घर भवन निर्माण थाना के पास पाण्डुका 10.33 लाख,सामुदायिक भवन निर्माण बोरियाझर 10.33 लाख,सामुदायिक भवन वार्ड 4 नप छुरा 10.33 लाख,टिनशेड निर्माण ध्रुव समाज अकलवारा 10 लाख,टिनशेड निर्माण कुर्मी समाज नप छुरा 10 लाख,टिनशेड निर्माण सिन्हा समाज खरखरा 10 लाख,सामुदायिक भवन वार्ड 11 नप छुरा 10.33 लाख,टिनशेड निर्माण वार्ड 01 यादव समाज नप छुरा 10 लाख,सीसी रोड रंगमंग से रामजी घर तक अमलोर 10.35 लाख,टीन शेड निर्माण शितला पारा बोडराबांधा (ब) 10 लाख,टिनशेड निर्माण तौरेन्गा 10 लाख,सीसी रोड खड़मा 14.74 लाख,टिनशेड निर्माण बाजार चौक घटकर्रा 10 लाख,सामुदायिक भवन रंगमंच के पास घटकर्रा 10.33 लाख,रंगमंच निर्माण आसरा 2.99 लाख,पुलिया निर्माण उमराव पारा चुरकीदादार7.73 लाख,टिनशेड निर्माण थाना के पास नप छुरा 10 लाख,सामुदायिक भवन शीतला के पास भैरा 10.33 लाख,टिनशेड निर्माण सिरकट्टी आश्रम कुटेना 10 लाख,टिन शेड निर्माण मुरमुरा 10 लाख।

**फिंगेश्वर में भी होंगे निर्माण कार्य :** फिंगेश्वर ब्लॉक के सामुदायिक भवन शीतला के पास कपसीडीह 6.50 लाख,रंगमंच निर्माण हाई स्कूल में कौंदकेरा 3 लाख,रंगमंच भाटापारा रावड 3 लाख,शेड निर्माण भेंडरी (जा) 10 लाख,सीसी रोड बरभांठा 10.40 लाख सीसी रोड बोरिद 10.40 लाख,सीसी रोड भसेरा 7.80 लाख,सामुदायिक भवन सावरा गुरुवारी के लिए देवरी 6.50 लाख,सीसी रोड तर्रा 7.80 लाख,नाली निर्माण सेंदर 1.97 लाख,समुदायिक भवन शितला मंदिर पास चरौदा 6.50 लाख,सीसी रोड उच्च माध्यमिक स्कूल पहुच मार्ग कौंदकेरा 5.20 लाख,सीसी रोड चौबेबांधा 10.40 लाख,शेड निर्माण भेंडरी (लो)10 लाख,शेड निर्माण दुर्गा चौक रचकट्टी 10 लाख,टिनशेड निर्माण साहू समाज भवन के पास बरोंडा 10 लाख,सीसी रोड परतेवा 5.20 लाख,टिनशेड निर्माण स्कूल के पास बेलटुकरी 5 लाख,टिनशेड निर्माण सतनामी पारा पीपरछेड़ी 10 लाख,टिनशेड निर्माण सिलयारीबाहरा पतोरा 10 लाख,टिनशेड निर्माण गनियारी 10 लाख,टिनशेड निर्माण खुटेरी 12 लाख,सामुदायिक भवन सिन्हा समाज सेंदर 6.50 लाख,टिनशेड निर्माण बाबा कुटी मड़वाडीही 15 लाख,टिनशेड निर्माण साहू समाज भवन के पास खुडियाड़ीहि 8 लाख,टिनशेड निर्माण रामायण चौक बोरसी 15 लाख,सीसी रोड कपसीडीह 7 लाख,सांस्कृतिक मंच बहेरापाल 7 लाख,टिनशेड निर्माण बाड़ा के पास लचकेरा 15 लाख सामुदायिक भवन साहू समाज पीपरछेड़ी 12 लाख,सामुदायिक सत्संग भवन चैतरा 6.50 लाख,टिनशेड निर्माण सिन्हा पारा छुईहा 15 लाख,सीसी रोड बेलर 7 लाख,सीसी रोड बहेरापाल 7 लाख,टिनशेड निर्माण रामनगर कौंदकेरा 10 लाख,सीसी रोड पेंड्रा 7 लाख,मंगल भवन सतनामी पारा बरुला 8 लाख,टिनशेड निर्माण जैतखाम के पास तरीघाट 12 लाख,टिनशेट निर्माण रविनगर रोहिणा 6 लाख,मंगल भवन सतनामी पारा धुरसा 8 लाख,टिनशेड निर्माण जामगांव 5 लाख,सामुदायिक भवन सतनामी पारा बकली 6.50 लाख,टिनशेड निर्माण गांधी चौक जामगांव 5 लाख,स्टाप डेम पाली 18 लाख,पुलिया निर्माण गौठान पहुच मार्ग लफन्दी 10 लाख,स्टाप डेम निर्माण भैसातरा 18 लाख,स्टाप डेम निर्माण देवरी 18 लाख।



### क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है प्राथमिकता: विधायक

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूती प्राप्त होगी। विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य शासन का आभार व्यक्त किया।स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक श्री रोहित साहू का आभार जताया है।

### गरियाबंद को विकास की सौगात

गरियाबंद ब्लॉक के सामुदायिक भवन शितला के पास कोकड़ी 6.50 लाख,सीसी रोड कोकड़ी 10.40 लाख,टिनशेड निर्माण घुटकू नवापारा 10 लाख,सीसी रोड स्कूल से विजयनगर आमझर तक हरदी 2.60 लाख,पुलिया निर्माण श्यामनगर पारा हरदी 15 लाख,पुलिया निर्माण सरार नाला कस 18 लाख,सीसी रोड निर्माण गंगाराम घर से बाबुलाल घर तक कस 7 लाख,शेड निर्माण टंकी पास बरबाहरा 10 लाख,सामुदायिक भवन निषाद समाज मालगांव 10.33 लाख,सामुदायिक भवन यादव समाज मालगांव 10.33 लाख,सीसी रोड श्यामनगर पारा हरदी 10.35 लाख,सीसी सह नाली निर्माण आजाद चौक हरदी 10.35 लाख,सामुदायिक भवन वार्ड 8 नपा गरियाबंद 10.33 लाख,सामुदायिक भवन वार्ड 15 गरियाबंद 10.33 लाख,सामुदायिक भवन वार्ड 7 गरियाबंद 10.33 लाख,सामुदायिक भवन आमदी 10.33 लाख,सामुदायिक भवन सह बाउंड्रीवाल गुरुजीभाठा 10.33 लाख।

## अंचल में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव, ग्रामीणों की जानी समस्या





**रसेला।** अंचल में मंगलवार को बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत रसेला अंचल क्षेत्र के गांवों में दौरा किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम मडवापथरा में पहुंचकर जहां ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और जनसमूह को संबोधित किया। विधायक जनक राम ध्रुव ने ग्रामवासियों की मूलभूत समस्याओं सडक, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के मध्यम से शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है और इस वनांचल क्षेत्र में विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मडवापथरा में विधायक ने शीतला भवन का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शीतला भवन के निर्माण से ग्रामीणों को धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सुविधा मिलेगी, साथ ही यह गांव के सांस्कृतिक जीवन को सशक्त करेगा।

अपने दौरे के अंतिम चरण में विधायक ग्राम हीराबतर पहुंचे, जहां आदिवासी समाज के वार्षिक सम्मेलन समारोह में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और एकता की सराहना की तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और स्वरोजगार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सभापति लेखराज ध्रुवा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जिला कांग्रेस महामंत्री सैय्यद चिराग अली, मंडल अध्यक्ष रसेला जोन बिगेन्द्र ठाकुर, सरपंच लता नागेश, उपसरपंच सीमा गुप्ता, जनपद सदस्य बिमला नागेश, पंचायत के सभी पंचगण सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## स्वच्छता की दिशा में अनुकरणीय पहल ग्रापं बिजली को मॉडल बनाने का संकल्प



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिजली में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का जायजा लेने के लिए राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों का दौरा उल्लेखनीय रहा। इस अवसर पर राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की सलाहकार मधुरिमा महेंद्र गिरी, जिला समन्वयक परवेज़ हनफी, अभिषेक जायसवाल यूनिसेफ कंसल्टेंट तथा विकासखंड समन्वयक रेवतीरमण साहू की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत बिजली में घर-घर जाकर शौचालयों का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने स्वच्छता की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे सराहनीय बताया। ग्राम स्तर पर जनभागीदारी और निरंतर प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच पदमा मोती निषाद, पूर्व सरपंच मोती राम निषाद, अनिल साहू (रोजगार सहायक), भवँर दास तथा स्वच्छता दीदियों की सक्रिय मौजूदगी रही। सभी ने मिलकर स्वच्छता को व्यवहार में उतारने के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी साझा की। निरीक्षण उपरांत अधिकारियों ने घोषणा की कि पूरे ग्राम पंचायत को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह निर्णय न केवल स्थानीय प्रयासों की स्वीकृति है, बल्कि अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा भी बनेगा। निस्संदेह, यह पहल बताती है कि जब प्रशासन, पंचायत और समुदाय एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो स्वच्छताजैसे अभियान स्थायी सफलता की ओर अग्रसर होते हैं।

## आञ्जनेय कॉलेज के तत्वाधान में जिलेभर के स्कूलों में दो दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम



**गरियाबंद।** आञ्जनेय महाविद्यालय रायपुर के तत्वाधान में गरियाबंद जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में दो दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के विविध अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आञ्जनेय महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ जयंत नारंग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सही समय पर सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि, क्षमता और लक्ष्य को पहचानकर उसी दिशा में निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया।

डॉ नारंग ने कहा कि केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल विकास, आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और अनुशासन सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान, वाणिज्य, कला, तकनीकी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा स्वरोजगार जैसे विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी दी। दो दिवसीय इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी, विषय चयन, करियर प्लानिंग और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने बताया कि इस मार्गदर्शन से उन्हें अपने भविष्य को लेकर स्पष्ट दिशा मिली है। विद्यालय प्रबंधन एवं आञ्जनेय महाविद्यालय प्रबंधन ने ऐसे कार्यक्रमों को आगे भी निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता। इस अवसर पर मार्केटिंग मैनेजर रिकेश साहू ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी विक्रम ठाकुर एवं अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## व्याख्याता पदों पर एक साथ डीपीसी कर पदोन्नति के मंत्री के निर्देश





**राजिम।** छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने नेतृत्व में अभनपुर, राजिम, फिंगेश्वर के शिक्षकों, प्रधानपाठकों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर राजपत्र 2019 के मुताबिक व्याख्याता पद पर शिक्षक ई संवर्ग एवं शिक्षक एल बी संवर्ग की संयुक्त डीपीसी होना चाहिए किंतु केवल शिक्षक एल बी संवर्ग की डीपीसी 22 दिसंबर को हुई। जानकारी के मुताबिक मंत्री श्री यादव ने सचिव स्कूल शिक्षा को शिक्षक, प्रधानपाठक ई संवर्ग की डीपीसी करने के निर्देश दिया है इससे ई संवर्ग की डीपीसी पदोन्नति का रास्ता साफ हुआ है।

संघ के डोमार सिन्हा, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सिन्हा,प्रभात यादव, राजेश नायक,सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री श्री यादव को बताया कि ई संवर्ग की पदोन्नति के संबंध में कोई भी मामला न्यायालय में लंबित नहीं है,फिर भी अधिकारी भ्रम फैला रहे। प्रांतीय उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा ने स्कूल शिक्षा संचनालय पर शिक्षकों को आपस में लड़वाने एवं व्याख्याता पदोन्नति मामले को कोर्ट में लटकाने की साजिश बताया। अभनपुर के प्रधानपाठकों राजेश नायक,हरिशंकर बांसवार , बुलाकी लाल ने बताया कि अधिकारी ही शासन को गुमराह कर रहे है। ई संवर्ग में पर्याप्त बी एड डिग्रीधारी रहते हुए भी अभाव बताया जा रहा। श्री तिवारी ने बताया कि संघ का मानना है कि ई संवर्ग तथा एल बी संवर्ग के सभी बी एड डिग्रीधारी शिक्षकों डीपीसी कर व्याख्याता पदोन्नति देने के बाद ई एवं एल बी संवर्ग की डीएड डिग्री धारी शिक्षकों की डी पी सी कर मिडिल स्कूल हेडमास्टर पद पर पदोन्नति दे दी जाए।

## जन्मदिन पर राजिम ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

# संत कवि पवन दीवान : छत्तीसगढ़ का गांधी, स्मृतियों में आज भी जीवंत

श्यामकिशोर शर्मा ▶▶| राजिम

तहु होबे राख,महू होहु राख, आखिर एक दिन सबला होना हे राख..........! ये सुप्रसिद्ध कविता छत्तीसगढ़ के सुविख्यात संत पवन दीवान का है जिसे अब पूरा प्रदेश सुनने के लिए तरस कर रह गया है। राजिम में ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में उन दिनो एक ही नारा लगता था पवन नही यह आंधी है छत्तीसगढ़ का गांधी है। संत दीवान अब नही रहे। 1 जनवरी को राजिम के किरवई गांव में जन्मे श्री दीवान की प्रारंभिक शिक्षा ग्राम किरवई-राजिम में हुई। उच्च शिक्षा के लिए वे रायपुर गए। संस्कृत एवं हिन्दी में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। उनका न केवल संस्कृत,हिंदी,छत्तीसगढ़ी में जबर्दस्त पकड़ थी बल्कि धारा प्रवाह फर्राटे के साथ अंग्रेजी भी बोलते थे। साहित्य एवं कविताओं में विशेष रुचि रखते हुए बहुत सी कविताएं लिखी एवं पुस्तके प्रकाशित की। बॉलीवाल एवं फुटबॉल के वे अच्छे खिलाड़ी थे।

कॉलेज के समय वे सामान्य रूप से कपड़े पहनते थे बाद में वे सन्यासी रूप में आ गए। गेरूवा वस्त्र धारण कर भरा पूरा परिवार छोड़कर घर से निकल गए और राजिम के महानदी किनारे ब्रम्हचर्य आश्रम स्थापना कर वहीं रहने लगे। घर परिवार के लोगो ने उन्हें लाख मनाया लेकिन वे डिगे नही। जीवन भर ब्रम्हचर्य का पालन करते हुए देश सेवा में लगे रहे। 1977 के चुनाव में अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल को उन्होने हराया। उन्हें मध्यप्रदेश मंत्री मंडल में जेल एवं समाज कल्याण मंत्री बनाया। पहली बार जब सांसद चुने गए तो संसद में छत्तीसगढ़ राज्य की मांग उठाने वाले वे पहला नेता रहे। श्रीमदभागवत कथा के मामले में उनका कोई सानी नही था। छत्तीसगढ़ का ऐसा कोई बड़ा शहर या कस्बा नहीं जहां दीवान जी ने भागवत न पढ़ी हो। उनके मुख से भागवत कथा सुनने को हुजूम जुट जाता था। उनकी वॉक शैली को आज भी लोग याद करते है। आज 1 जनवरी को उनके जन्मदिन पर समूचा राजिम क्षेत्र उन्हें याद कर रहा है। उनकी सहजता-सरलता आज भी राजिम वासियो के दिलो में है।



### राजिम में संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना दीवान जी की देन

संत कवि पवन दीवान संस्कृत के प्रचंड ज्ञाता थे। उन्होंने ब्रम्हचर्य आश्रम में गरीब ब्राम्हण बच्चो को निःशुल्क संस्कृत पढ़ाने, संस्कृत विद्यापीठ खुलवाया। यहां बच्चों को संस्कृत के साथ-साथ पूजा-पाठ एवं अनेक कर्म कांड का ज्ञान प्रदान किया जाता है। आज भी ब्रम्हचर्य आश्रम में 73 बच्चे अध्ययनरत है जो छत्तीसगढ़ के अलग-अलग गांव एवं शहरों से है। विद्यापीठ में छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, भोजन एवं रहने की व्यवस्था है। उनकी समाधि स्थल भी राजिम संस्कृत विद्यापीठ प्रांगण में है।

### चुनाव प्रचार में मंच से सुनाते थे भागवत के प्रसंग

दीवान जी लोकसभा एवं विधानसभा के दौरान जब भी किसी गांव में जाते तो उनका स्वागत प्रत्याशी के तौर पर न होकर भगवताचार्य के रूप में किया जाता था। गांव के बड़े बुजुर्ग महिला बच्चे सभी उनके स्वागत में लग जाते थे। गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी से उनका स्वागत होता था। चुनावी रैलियों में मंच आसीन होकर राजनैतिक भाषणों के बदले भागवत के प्रसंग एवं छत्तीसगढ़ी कविताएं सुनाया करते थे। आलम यह होता था कि विरोधी पार्टी के लोग भी दीवान जी के स्वागत सम्मान एवं रैली जुलुस में शामिल रहते थे। हालांकि वो नेता थे लेकिन वो लोगों के दिलो में थे। 1 जनवरी को आश्रम में आशीर्वाद लेने एवं जन्मदिवस की बधाई देने तांता लगा रहता था। आश्रम में न कोई आम था न कोई खास, सब बराबर होते थे। दीवान जी के ठहाके महानदी के किनारे से पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल तक गुंजता था। बहुत बड़ी विडंबना है कि देश सेवा के लिए समर्पित बाल ब्रम्हचारी संत दीवान जी के नाम पर राजिम में न कोई स्कूल है और न ही कॉलेज और तो और कोई चौक-चौराहा का नाम उनके नाम पर नही किया जा सका है।

## खबर संक्षेप

### गिरोला में तीन को घासदास जयंती

**अभनपुर।** सतनामी समाज गिरोला के तत्वावधान मे संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा की 269 वी जंयती समारोह का आयोजन 3 जनवरी शनिवार को रखा गया है। आयोजनकर्ता ने बताया कि रात्रिकालिन कार्यक्रम सपना के सोन चिरईया लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत आज आएंगे सिरपुर

**महासमुंद।** भारत के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत 01 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे प्रातः 09:30 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत 09:55 बजे रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 10:05 बजे सिरपुर हेलीपैड महासमुंद पहुंचेंगे। सिरपुर आगमन के पश्चात केंद्रीय मंत्री शेखावत सड़क मार्ग से सर्किट हाउस सिरपुर पहुंचेंगे, जहां वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस में दोपहर भोज के लिए समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 01 बजे केंद्रीय मंत्री शेखावत सर्किट हाउस सिरपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान करेंगे तथा 01:30 बजे भोरमदेव मंदिर के हेलीपैड कबीरधाम पहुंचेंगे।

### 25 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद

**महासमुंद।** ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे सरायपाली पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब और शराब निर्माण की सामग्री बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बाराडोली के लात नाला पुलिया के नीचे एक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाकर बिक्री के लिए रखा गया है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। यहां एक व्यक्ति मिली, जिसने पूछताछ में अपना नाम देवप्रकाश चौहान पिता राजेंद्र चौहान (21 साल) बाराडोली होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 25 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 5000 रुपए, एक गैस चूल्हा एवं एक नग एपी कंपनी का गैस टंकी व 6 नग शराब बनाने का छोटा-बड़ा बर्तन कीमत 8500 रुपए कुल 13500 रुपए का सामान बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### तीर्थयात्रा योजना का अनुचित लाभ लेने वाली शिक्षिका को बर्खास्त करने की मांग

**महासमुंद।** शासकीय शिक्षक होते हुए भी झूठे घोषणापत्र भरकर तथा शासन से धोखाधड़ी कर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना का अनुचित लाभ लेने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बेमचा महासमुंद में पदस्थ किरण पटेल को बर्खास्त कर उनके विरूद्ध एफआईआर करने की मांग मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन नवा रायपुर, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, कलेक्टर महासमुंद तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर छग नागरिक कल्याण समिति के सदस्य व पूर्व पार्षद पंकज साहू ने की है। उन्होंने सूचना के अधिकार से प्राप्त किरण पटेल द्वारा यात्रा के लिए गए आवेदन पत्र, घोषणा पत्र एवं सूची की सत्यापित प्रति की छायाप्रति भी साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया है।

# 2025 का आख़िरी सूर्यास्त: यादों और उम्मीदों का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

साल 2025 का आख़िरी दिन, जैसे-जैसे सूरज क्षितिज की ओर झुकता गया, वैसे-वैसे एक पूरे साल की यादें, अनुभव और संघर्ष भी मानो विदा लेते नजर आए। आसमान में बिखरी सुनहरी और लाल रंगों की छटा ने 2025 की कहानी को बिना शब्दों के बयां कर दिया।

डूबते सूरज को निहारते लोग इस पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते दिखे। साल 2025 का आखिरी दिन और अंतिम सूर्यास्त की ढलती सूरज की सुनहरी तस्वीर गरियाबंद के चन्दन भुआर्य और आयुष वैष्णव ने हरिभूमि के साथ साझा किया है। किसी के लिए यह साल उपलब्धियों और सफलता की पहचान बनकर उभरा, तो किसी के लिए संघर्ष, धैर्य और सीख का प्रतीक रहा। लेकिन इस अंतिम सूर्यास्त के साथ एक भाव यह भी था कि बीते साल के दर्द, थकान और असफलताएं अब पीछे छूट रही हैं।

जैसे ही सूरज पूरी तरह क्षितिज में समाया, ऐसा लगा मानो अंधेरे के पीछे एक नए सवेरे का वादा छुपा है,नए सपने, नई उम्मीदें और नई शुरुआत का संकेत। यही सूर्यास्त हमें यह सिखाता है कि हर अंत के साथ एक नया आरंभ तय होता है।

**गरियाबंद की फिजाओं में भावुक विदाई, 2026 का स्वागत**



### नए साल से नई उम्मीद: खुशहाली और प्रगति की कामना

2025 को अलविदा कहते हुए, अब देश-दुनिया की निगाहें आने वाले नए साल 2026 पर टिकी हैं। उम्मीद है कि यह साल लोगों के जीवन में खुशहाली, शांति और प्रगति लेकर आएगा। नए साल का स्वागत उत्साह, उमंग और सकारात्मक सोच के साथ किया जा रहा है। इस विश्वास के साथ कि आने वाला सवेरा और भी उजला होगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार पर साधा निशाना

# मनरेगा से गांधी नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में मंगलवार को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह धरना केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का नाम हटाने के निर्णय के विरोध में तथा धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर आयोजित किया गया।

- मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के इस निर्णय को महात्मा गांधी जी के विचारों और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों के खिलाफ बताया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा योजना महात्मा गांधी जी के नाम और उनके आदर्शों से जुड़ी हुई है, जिसने ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों लोगों को रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अधिकार दिया है। योजना से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विचारधारा को कमजोर करने का प्रयास है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी।

### किसानों की परेशानियों को उठाया

इसके साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को हो रही परेशानियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था, भुगतान में देरी, तौल में गड़बड़ी तथा अन्य तकनीकी समस्याओं के कारण किसान परेशान हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रही है और आगे भी करेगी। धरना उपरांत महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम छुरा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मनरेगा योजना में महात्मा गांधी जी का नाम यथावत रखने तथा राज्य सरकार से धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं किसान-हितैषी बनाने की मांग की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रह्लाद यादव द्वारा किया गया। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर केन्द्र व राज्य सरकार को जनभावनाओं से अवगत कराया और चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरा के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नथमल शर्मा, महामंत्री प्रह्लाद यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव, समद खान, यशपेन्द्र शाह, रमेश शर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शमीम खान, पार्षद सलीम मेमन, हरीश यादव, पंचराम टंडन, देव सिंह नेताम, शांतनु देवांगन, दीप्ति यादव, राजू यादव, इस्माईल मेमन, बुढ़ान ठाकुर, अवधेश प्रधान, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मंजू ध्रुव, धनसाय निषाद, न्याज अहमद, अवध राम साहू, केशव चन्द्राकार, संतन ठाकुर, सुधेराम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग से अनुशासन, आत्मविश्वास व बौद्धिक विकास होता है: योगाचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए योग विषयों पर आधारित विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं को स्वस्थ शरीर–खुश मन विषय के अंतर्गत संतुलन आसन, प्राणायाम एवं तनाव दूर करने वाले योग अभ्यास सिखाए गए। उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों को परीक्षा तनाव से मुक्ति, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने वाले योग एवं ध्यान अभ्यास कराए गए।



- स्कूली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग विषयों पर विशेष कार्यक्रम

योग प्रशिक्षक योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने छात्राओ को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन भी शांत और सकारात्मक बनता है। योग से बच्चों में स्मरण शक्ति, आत्मसंयम और निर्णय क्षमता का विकास होता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया।

**योग करेंगे रोज, रहेंगे स्वस्थ हर रोज का दिया संदेश :** इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने योग कार्यक्रम को उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

"योग करेंगे रोज, रहेंगे स्वस्थ हर रोज" के संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर व्याख्याता सीमा सिंह, होमेश्वरी ठाकुर,चंद्रप्रभा सेन,नागेंद्र देवांगन,युवराज कंवर, डोमेश्वर ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## वनांचल की अनाथ कमार बालिकाओं से मिले विधायक जनक ध्रुव

**रसेला।** वनांचल के संवेदनशील क्षेत्र मुढ़ीपानी गांव के कमार पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति की अनाथ बालिकाओं की दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव उनके घर पहुंचे और हालात का प्रत्यक्ष जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परिवार की कठिन परिस्थितियों को देखा और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

- संवेदनशील वनांचल क्षेत्र में दयनीय हालात का लिया जायजा

ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि बालिकाओं की मां सतनी बाई एवं पिता कुलेश्वर कमार दोनों का स्वर्गवास हो चुका है। परिवार में सबसे बड़ी पुत्री कुमारी गीता (उम्र लगभग 13 वर्ष) जीविका के लिए काम करने रायपुर चली गई है, जबकि कुमारी मधु (उम्र लगभग 10 वर्ष) और कुमारी रिधी (उम्र लगभग 7 वर्ष) गांव में ही रहकर किसी तरह जीवन यापन कर रही हैं। माता-पिता के निधन के बाद परिवार पूरी तरह बेसहारा हो गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि परिवार का राशन कार्ड माता-पिता के नाम से बना हुआ था, और अब केवाईसी नहीं होने के कारण भविष्य में चावल मिलना भी बंद हो सकता है। बड़ी बहन कुमारी गीता का आधार कार्ड ग्रामीणों की मदद से बन चुका है, लेकिन दोनों छोटी बहनों का अब तक आधार कार्ड नहीं बन पाया है। दस्तावेजों के अभाव में वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं और गांव में दूसरों के यहां छोटा-मोटा काम कर जीवन गुजारने को मजबूर हैं।



### विधायक ने की आर्थिक सहायता, हरसंभव सहायता दिलाने का दिया भरोसा

विधायक ने तत्काल रूप से बालिकाओं को कुछ आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया और आगे भी हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति की इन अनाथ बालिकाओं को सभी पात्र शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाए। विधायक के इस मानवीय पहल से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखने को मिला और उन्होंने उम्मीद जताई कि अब इन अनाथ बालिकाओं की स्थिति में सुधार आएगा।

## ग्राम जौंदा में गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई

**नवापारा-राजिम।** ग्राम जौंदा में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू थे। अध्यक्षता ब्रह्मानंद साहू सभापति जनपद पंचायत ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुकेश ढीढी जिला अध्यक्ष सरपंच संघ रायपुर,खोरबाहरा साहू सरपंच प्रतिनिधि, दिनेश यादव उपसरपंच ,तोशन साहू मंडल अध्यक्ष, दीपक ठाकुर ,शोभाराम साहू थे। इस अवसर पर सत्य के संदेश ग्राम जौंदा पंथी की प्रस्तुति हुई। सर्वप्रथम अतिथियों ने मंदिर व जैतखाम में पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का नारा दिया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर सतनाम पंथ की स्थापना की। हम आपस में एक होकर चले शिक्षा को हथियार बनाएं। इस अवसर पर सतनामी समाज की मांग पर गुरु घासीदास मंदिर के सामने टीना शेड हेतु 6 लाख रुपए देने की घोषणा विधायक श्री साहू ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्रह्मानंद साहू ने कहा कि बाबा का संदेश सादा जीवन उच्च विचार रहा है। जीवन को संवारने के लिए हम नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त रहे।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर सतनामी समाज के ताराचंद मन्नाडे, मनोज नारंग, सोमनाथ भारती, भारती अशोक मन्नाडे,भोजराम, चितरंजन भारती, इतवारी रात्रे, गोकुल भारती, तेशु मंडल, मूलचंद लहरे आदि उपस्थित रहे।

## सिर्रीखुर्द मड़ाई मेला 2 को सतधरा में 3 को आयोजन

**छुईहा बेलर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिर्रीखुर्द मे मड़ाई मेला का आयोजन 2 जनवरी को किया गया है। तो शिव मंदिर पावन धरा सतधरा में 3 जनवरी को आयोजन होंगी। सिर्रीखुर्द सरपंच देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि ग्राम सिर्रीखुर्द में 2 जनवरी को वार्षिक उत्सव मड़ाई मेला का आयोजन होगें, रात्रि कालिन दर्शक मनोरंजन के लिए अजयमाला भर्रीटोला बस्तर नाचा पार्टी का आयोजन होगा। जिनके मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा,पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, निषाद समाज जिला अध्यक्ष मोती राम निषाद बिजली , टिकेश साहू, ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र हरिराम साहू होगें। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निषाद समाज 12 पाली खुटेरी चक एवं सतधरा यज्ञ समिति के तत्वाधान में यज्ञ एवं मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। परदेशी निषाद सिर्रीखुर्द ने कहा परम पूज्य गुरूदेव जी ब्रम्हलीन श्री श्री 108 संत श्री सिया मुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सूक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामंडलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धनशरण व्यास महाराज सिरकट्टी आश्रम कुटेना के मुखारबिंद मंत्रोच्चारण से होगा। वहीं 3 जनवरी को स्थान - शिव मंदिर पावन धाम सतधरा मड़ाई मेला का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने कुण्डेल, तरीघाट, रोहिना, सेम्हराडीह, कौन्दकेरा, रामनगर, बहेरापाल, बोरसी, मड़वाडीह, बिजली, खुटेरी खडियाडीह, सिर्रीखुर्द, बारुला, सेन्दर, पतोरी, देवगांव, चरभट्ठी, चरौदा, जोगीडीपा, लोहरसी गांव की संयुक्त समिति बनी है।

## व्याख्याता पदों पर संयुक्त डीपीसी के निर्देश, ई संवर्ग शिक्षकों को मिली राहत



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में फिंगेश्वर विकासखण्ड के शिक्षक व प्रधान पाठकों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर व्याख्याता पदोन्नति में हो रही अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। संघ ने बताया कि राजपत्र 2019 के प्रावधानों के अनुसार व्याख्याता पद पर शिक्षक ई संवर्ग एवं शिक्षक एलबी संवर्ग की संयुक्त डीपीसी होनी चाहिए, लेकिन नियमों के विपरीत केवल एलबी संवर्ग की डीपीसी 22 दिसंबर को कर दी गई।

- स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से मिले शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सचिव को दिए गए निर्देश

संघ की बातों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री गजेन्द्र यादव ने सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को शिक्षक प्रधान पाठक ई संवर्ग की डीपीसी शीघ्र करने के निर्देश दिए। इससे ई संवर्ग के शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। इस अवसर पर संघ के डोमार सिन्हा, फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष नंद कुमार सिन्हा, प्रभात यादव, राजेश नायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि ई संवर्ग की पदोन्नति से संबंधित कोई भी मामला वर्तमान में किसी न्यायालय में लंबित नहीं है, इसके बावजूद अधिकारी भ्रम फैलाकर प्रक्रिया को रोक रहे हैं।

प्रांतीय उपाध्यक्ष डोमार सिन्हा ने आरोप लगाया कि स्कूल शिक्षा संचालनालय द्वारा शिक्षकों को आपस में लड़वाने और ० या ख या ता पदोन्नति मामले को अनावश्यक रूप से न्यायालय में उलझाने की साजिश की जा रही है। अभनपुर के प्रधान पाठकों राजेश नायक, हरिशंकर बांसवार, बुलाकी लाल सहित अन्य शिक्षकों ने भी कहा कि अधिकारी शासन को गुमराह कर रहे हैं और ई संवर्ग में बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की कमी का गलत तर्क दिया जा रहा है, जबकि पर्याप्त संख्या में योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं।

### संजय तिवारी ने स्पष्ट की संगठन की मांग

संघ अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि संगठन की स्पष्ट मांग है कि पहले ई संवर्ग एवं एलबी संवर्ग के सभी बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की संयुक्त डीपीसी कर व्याख्याता पद पर पदोन्नति दी जाए, इसके बाद ई एवं एलबी संवर्ग के डीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की डीपीसी कर उन्हें मिडिल स्कूल हेडमास्टर पद पर पदोन्नत किया जाए। मंत्री गजेन्द्र यादव ने संघ की चार प्रमुख मांगों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के लिए सचिव को निर्देशित किया है। शिक्षक समुदाय ने मंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे ई संवर्ग के शिक्षकों के लिए बड़ी राहत बताया है।

## योग्य मतदाताओं के नाम जोड़ने विशेष अभियान पर जोर

# मलेवा अंचल भाजपा मंडल की हुई बैठक, एसआईआर को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

भाजपा मंडल मलेवाअचल की बैठक मंगलवार को पीपरछेडी में हुई। इसमें एसआईआर मतदाता सूची के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद सोहन ध्रुव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरतु कंवर,मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल, महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य दीपेश दीवान मुख्य रूप से उपस्थित थे।



पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे मंडल में सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा हमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाना होगा और मतदाताओं को जागरूक करना होगा। साथ ही कहा कि भाजपा का संगठन सेवा और राष्ट्रहित की भावना पर आधारित है,हम सभी को पार्टी की रीति नीति और जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करना होगा।जिला महामंत्री चन्द्रशेखर साहू ने कहा मैं सभी शक्ति केन्द्र प्रभारियों और पोलिंग बूथ अध्यक्षों से अनुरोध करता हूं कि वे अपने अपने क्षेत्रों में जाकर मतदाता सूची की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। उन्होंने कहा मतदाता सूची में है या नहीं और अगर नहीं है तो कैसे अपना नाम जोड सकते हैं। आगे कहा नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएंगे। जनपद अध्यक्ष गरियाबंद सोहन ध्रुव ने कहा एसआईआर को लेकर कार्यकर्ता व पदाधिकारी तत्पर रहें। वोटरों को उनका नाम चढ़वाने में मदद करे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरतु कंवर ने कहा अब वोटर का नाम एक ही स्थान होगा। इसलिए तत्परता से वोटर अपना नाम चढ़ाने का काम पूरी तन्मयता से करें। एसआईआर से सही वोटर सामने आयेंगे और वोटर को सुविधा भी होगी। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा एसआईआर को लेकर लगातार जागरूकता जरूरी है, ताकि आमजन तक इसकी महत्ता पहुंच सकें। महामंत्री ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा इसी कड़ी में कहा लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करें।

### ये रहे उपस्थित

इस बैठक में सरपंच लक्ष्मी दीवान, हेमलता ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य प्रवीण यादव, दीपेश दीवान, टंकेश्वर सोरी, ललित नागेश,भोज कुमार, अशोक राजपूत, नारायण सिंह ठाकुर, कृष्णा गुप्ता,झवर अग्रवाल,टेशराम,टिकेश्वरी कोमर्रा, पुजा चौहान, गैंदालाल दीवान, खगेश्वर ठाकुर कृपाराम, कार्तिक नागेश,हीरा सिंह, निलेश गुप्ता, गंभीर नेताम सहित समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित थे।